"कामये दुःखतप्तानाम्।
प्राणिनाम् आर्तिनाशनम्॥

Azadi Ka Amrit Mahotsav

# जागृति

वर्ष:66 अंक-11 मुम्बई नवम्बर 2022



# एक दिन में अब तक की सबसे अधिक बिक्री

## केवीआईसी के नई दिल्ली के सीपी आउटलेट में






केवीआईसी के अध्यक्ष ने माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से मुलाकात की।




खादी और ग्रामोद्योग आयोग की औद्योगिकीकरण विषयक मासिक पत्रिका
**खादी और ग्रामोद्योग आयोग**

वर्ष:66 अंक-11 मुम्बई नवम्बर 2022

# जागृति

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की औद्योगिकीकरण विषयक मासिक पत्रिका


## सम्पादकीय मण्डल

अध्यक्ष
श्रीमती प्रीता वर्मा

संपादक
एम. राजन बाबू

सह संपादक
संजीव पोसवाल

उप संपादक
सुबोध कुमार

डिजाईन व पृष्ठसज्जा
कलाकार
शेखर पुनवटकर
दिलीप पालकर
उप संपादक
सुबोध कुमार


प्रचार, फ़िल्म एवं लोक शिक्षण
कार्यक्रम निदेशालय द्वारा
खादी और ग्रामोद्योग आयोग,
ग्रामोदय, 3 इर्ला रोड, विले पार्ले (पश्चिम),
मुंबई -400056 के लिए ई-प्रकाशित
ईमेल: kvicpub@gmail.com
वेबसाइट: www.kvic.org.in

आवश्यक नहीं कि पत्रिका में प्रकाशित लेखों तथा विचारों से खादी और ग्रामोद्योग आयोग अथवा संपादक सहमत हों

## इस अंक में.....

समाचार सार ........ 03-23

खादी उत्सव-2022 का उद्घाटन........3

एक दिन में अब तक की सबसे अधिक, 1.34 करोड़ रुपये बिक्री ........6

केवीआईसी द्वारा गांधी जयंती पर सभी उत्पादों पर छूट की घोषणा ........8

केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से मुलाकात की........10

महात्मा गांधी जी के सपनों के भारत को साकार करने के लिए अपने देश को आत्मनिर्भर बनना होगा - मनोज कुमार, अध्यक्ष, केवीआईसी ........11

मधुमक्खी पालन ग्रामीण समुदायों की आजीविका में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है - मनोज कुमार, अध्यक्ष, केवीआईसी ........13

खादी के लिए उत्कृष्टता केंद्र (सीओईके) नई दिल्ली के - भारत शिल्प सप्ताह के चौथे संस्करण में खादी के लिए डिजाइन दिशा-निर्देशों को प्रदर्शित करेगा........14

केवीआईसी के अध्यक्ष ने गुजरात के सुरेंद्रनगर में 210 पीएमईजीपी लाभार्थियों को सब्सिडी के रूप में 12.74 करोड़ रुपये वितरित किए........19

मीडिया कवरेज........24-25



# खादी उत्सव-2022 का उद्‌घाटन

## खादी उत्सव-2022 में केवीआईसी से जुड़ी पीएमईजीपी इकाइयों सहित 70 से अधिक स्टाल

## केंद्रीय एमएसएमई मंत्री ने खादी को वैश्विक ब्रांड बनाने के लिए लोगों से खादी को बढ़ावा देने का अनुरोध किया

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री नारायण राणे ने 3 अक्तूबर, 2022 को आयोग के परिसर मुंबई में आयोजित खादी उत्सव-2022 प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। खादी उत्सव-2022 का आयोजन खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर किया गया है और यह 1 नवंबर, 2022 तक चली।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) द्वारा प्रति वर्ष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में खादी उत्सव का आयोजन **किया जाता** है। हालांकि इस बार प्रदर्शनी का आयोजन दो साल के अंतराल के बाद किया गया है।

प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के पश्चात सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्री श्री नारायण राणे ने कहा कि केवीआईसी द्वारा आयोजित इस तरह की प्रदर्शनियों से खादी और ग्रामोद्योग के विक्रेताओं को बाजारों तक पहुंचने में सुविधा होती है। उन्होंने कहा, "ऐसी पहल का ही नतीजा है कि वर्ष 2021-22 में केवीआईसी ने **257.02** करोड़ रुपए से अधिक का अभूतपूर्व निर्यात दर्ज किया।"



श्री राणे ने कहा"स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महात्मा गांधी ने वर्धा से भारत छोड़ो आंदोलन शुरू किया था। उन्होंने देश और समाज को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक अभियान चलाया था।" उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री ने भी आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में अनेक पहल की हैं और हम सभी को उनकी पहल में उनका समर्थन करना चाहिए।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'खादी से रोजगार' के मंत्र को दोहराते हुए, एमएसएमई मंत्री ने नागरिकों से मुंबई में खादी प्रदर्शनी को आकर देखने और बड़े पैमाने पर खरीदारी करने की अपील की। उन्होंने कहा, "मुंबई आर्थिक गतिविधियों का केंद्र है; अगर मुंबई के लोग खादी को बढ़ावा देते हैं, तो खादी को एक वैश्विक ब्रांड के रूप में स्थापित किया जा सकता है।"

इस अवसर पर खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार गोयल ने कहा कि केवीआईसी गांधीजी के 'अंत्योदय' के सपने को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध संगठन है। "प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'हर हाथ को काम' पर जोर दिया; केवीआईसी ने अपनी विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से देश में स्वरोजगार को बढ़ावा दिया है।

केवीआईसी के अध्यक्ष ने लोगों से त्योहा**रों के** सीजन के दौरान हमारे स्थानीय कारीगरों के हाथ से बने सामान खरीदने का अनुरोध किया।

एमएसएमई मंत्री और केवीआईसी अध्यक्ष ने विभिन्न स्टालों का दौरा किया और विक्रेताओं के साथ बातचीत की। उन्होंने उनकी समस्याओं की जानकारी ली और सभी सकारात्मक उपायों का आश्वासन दिया। ■






खादी उत्सव 2022 प्रदर्शनी में खादी और ग्रामोद्योग आयोग से संबद्ध देश के विभिन्न हिस्सों से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की इकाइयों ने उत्पादों का प्रदर्शन किया। ड्राई फ्रूट्स, चाय, कॉफी, ब्यूटी हर्बल और आयुर्वेदिक उत्पाद, खादी सिल्क, पशमीना, मधुबनी फैब्रिक, शहद उत्पाद, हैंड पेपर उत्पाद, गृह सज्जा उत्पाद, बांस उत्पाद, कालीन, एलोवेरा उत्पाद, चमड़े के उत्पाद आदि के लगभग 70 स्टॉल लगाए गए।



# केवीआईसी के नई दिल्ली के सीपी आउटलेट में
# एक दिन में अब तक की सबसे अधिक, 1.34 करोड़ रुपये की बिक्री




**नई दिल्ली, 06 अक्टूबर, 2022: इस साल 2 अक्टूबर को खादी इंडिया के सीपी (कनॉट प्लेस) आउटलेट ने एक बार फिर एक ही दिन में खादी की बिक्री का नया कीर्तिमान बनाया है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कई अवसरों पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों से खादी और ग्रामोद्योग उत्पाद खरीदने का अनुरोध किया है। साथ ही, इस क्षेत्र को बढ़ावा देने की बात की है, जो साल 2014 के दौरान गतिहीनता की स्थिति में था।**

नई सरकार के सत्ता में आने के उपरान्त खादी की बिक्री में शानदार बढ़ोतरी हुई है। यह उल्लेख करना भी महत्वपूर्ण है कि अक्टूबर 2016 से नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित खादी इंडिया के प्रमुख आउटलेट पर एक दिन में की गई बिक्री कई अवसरों पर 1 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गई है। इसका उल्लेख प्रधानमंत्री ने अपने रेडियो वार्ता "मन की बात" में लगातार किया है।

प्रधानमंत्री का खादी को अपनाने और गरीब बुनकरों को आर्थिक रूप से मजबूत करने का संदेश रेडियो प्रसारण कार्यक्रम "मन की बात" के जरिए देश के कोने-कोने तक पहुंच

गया है। इसका असर इस गांधी जयंती यानी 2 अक्टूबर, 2022 की बिक्री में देखने को मिला है।

एक ही दिन में नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित खादी इंडिया शोरूम ने 1.34 करोड़ रुपये की बिक्री की और 2 अक्टूबर, 2021 को बनाए गए 1.01 करोड़ रुपये के अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। इससे पहले एक दिन में खादी की सबसे अधिक बिक्री का रिकॉर्ड 1.29 करोड़ रुपये का था, जो 30 अक्टूबर 2021 को दर्ज किया गया था।

गांधीजी ने खादी आंदोलन की स्थापना केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कारणों से की थी। महात्मा की उसी सोच को आगे बढ़ाते हुए हमारे प्रधानमंत्री ने खादी और अन्य ग्रामोद्योग उत्पादों को जनता के बीच बढ़ावा देने का प्रयास किया है।

इसके अलावा यह हमारे प्रधानमंत्री की लोकप्रियता और उनके लिए लोगों का सम्मान भी है, जिनके एक आह्वान पर भारत के लोग खादी को पूरा समर्थन देने के लिए खड़े होते हैं। दीपावली पर दीप जलाने के लिए गरीब कारीगरों की सहायता के आह्वान को वास्तविकता में बदला गया है।

केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने कहा कि 2 अक्टूबर से पहले 25 सितंबर, 2022 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने "मन की बात" में खादी खरीदने की अपील की थी, जिसने इस रिकॉर्ड बिक्री को प्राप्त करने में एक बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने खादी की बिक्री में हुई इस बढ़ोतरी के लिए प्रधानमंत्री के निरंतर समर्थन को कारण बताया।

केवीआईसी के अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री की अपील के चलते बड़ी संख्या में लोगों, विशेषकर युवाओं का रुझान खादी खरीदने की ओर हुआ है।





# केवीआईसी द्वारा गांधी जयंती पर सभी उत्पादों पर छूट की घोषणा



नई दिल्ली, 2 अक्टूबर, 2022: गांधी जयंती के अवसर पर खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने मध्य दिल्ली के कनॉट प्लेस में खादी इंडिया के मुख्य स्टोर खादी भवन का दौरा किया, जहां केवीआईसी ने सभी डिपार्टमेंटल बिक्री आउटलेट पर 2 अक्टूबर से सभी उत्पादों (खादी पर 20% और ग्रामोद्योग उत्पादों पर 10%) पर अपनी बहुप्रतीक्षित छूट की घोषणा की है। गांधी जयंती के मौके पर शोरूम में एक दिन में सबसे ज्यादा बिक्री दर्ज की गई।



केवीआईसी ने 2 अक्टूबर से 5 अक्टूबर 2022 तक संसद भवन एनेक्सी, नई दिल्ली में खादी प्रदर्शनी लगाई है, जिसका उद्घाटन आज लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कैबिनेट मंत्री श्री पीयूष गोयल और केवीआईसी अध्यक्ष की उपस्थिति में किया। प्रदर्शनी में चरखा कताई का लाइव प्रदर्शन भी दिखाया गया। खादी प्रदर्शनी में खादी और ग्रामोद्योग के उत्पादों को बिक्री के लिए पेश किया जाता है।





खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने कुतुब मीनार, नई दिल्ली में आम जनता के लिए एक प्रदर्शनी सह बिक्री स्टाल भी लगाई है।



**खादी देश के करोड़ों घरों को रोशन कर रही है। खादी देश के सुदूर अंचलों में व्यापार और रोजगार का दीप जला रही है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से गुरुग्राम में "रोजगार मेला" को संबोधित करते हुए खादी को माताओं और बहनों के माध्यम से रोजगार बढ़ाने का श्रेय दिया।**





## केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से मुलाकात की



अक्टूबर 22 : केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने माननीय गृह मंत्री, भारत सरकार श्री अमित शाह से मुलाकात की। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्र पर कुछ विचारों का आदान-प्रदान किया गया।

माननीय गृह मंत्री ने आश्वासन दिया कि खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्र का ध्यान रखा जाएगा और उपभोक्ता खपत से संबंधित पहली प्राथमिकता होगी।

# महात्मा गांधी जी के सपनों के भारत को साकार करने के लिए अपने देश को आत्मनिर्भर बनना होगा - श्री नारायण राणे

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री

## अगले ढाई वर्षों में सेवाग्राम औद्योगिक क्षेत्र का आधुनिकीकरण किया जाएगा

## सेवाग्राम आश्रम और वर्धा जिले को पर्यटन केंद्र के रूप में नई पहचान मिलेगी

**नई दिल्ली, 2 अक्टूबर, 2022:** केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री नारायण राणे ने जोर देकर कहा कि महात्मा गांधी जी के सपनों के भारत को साकार करने के लिए अपने देश को आत्मनिर्भर होने की जरूरत है और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए औद्योगीकरण का कोई विकल्प नहीं है। वे महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर वर्धा में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगीकरण संस्थान द्वारा आयोजित सेवाग्राम औद्योगिक क्षेत्र महोत्सव के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।



केंद्रीय एमएसएमई राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा, सचिव बी बी स्वैन, मंत्रालय के संयुक्त सचिव और विकास आयुक्त शैलेश कुमार सिंह भी समारोह में शामिल हुए।



केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्धा के इसी सेवाग्राम आश्रम से महात्मा गांधी ने सभी से गांव वापस जाने की अपील की थी, जिससे उनका तात्पर्य गांवों के संपूर्ण विकास से था। सेवाग्राम औद्योगिक क्षेत्र कृषि और ग्रामोद्योग के माध्यम से रोजगार पैदा करने के लिए बनाया गया है।

श्री राणे ने कहा, एमएसएमई मंत्रालय ने इस औद्योगिक क्षेत्र के आधुनिकीकरण के लिए एक समिति का गठन किया है और अगले ढाई साल में इस क्षेत्र का आधुनिकीकरण किया जाएगा।

श्री राणे ने आगे कहा कि खादी के महत्व के

बारे में दुनिया को समझाना जरूरी है और इसके लिए एक बड़ा औद्योगिक क्षेत्र बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश में पर्यटन व्यवसाय की भी अपार संभावनाएं हैं। लिहाजा, सेवाग्राम आश्रम और वर्धा जिले को पर्यटन केंद्र के रूप में एक नई पहचान देने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है और केंद्र सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने कहा कि देश में विभिन्न स्थानों को लेकर कई बड़े पैमाने पर विकास कार्य चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकों को आगे आना चाहिए और इस विकास का लाभ उठाना चाहिए।




इस अवसर पर बोलते हुए केंद्रीय एमएसएमई राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने देश की प्रगति में बहुत योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि 10 मार्च, 2022 को लॉन्च किए गए एमएसएमई आइडिया फंड को लेकर शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है और अब तक 287 आइडिया और 1196 ट्रेडमार्क पंजीकृत किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि नागपुर के बुटीबोरी एमआईडीसी में एक प्रौद्योगिकी केंद्र स्थापित किया जाएगा और इससे स्थानीय युवाओं को काफी फायदा मिलेगा।

एमएसएमई के सचिव बी.बी. स्वैन ने बताया कि आज आयोजित कार्यशाला आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में ग्रामोद्योगों के योगदान पर आधारित है। उन्होंने कहा कि विभिन्न राष्ट्रीय स्तर के संगठनों के वक्ता इस कार्यशाला का मार्गदर्शन करेंगे।




इससे पहले आज राणे ने वर्धा में सेवाग्राम आश्रम का दौरा किया और महात्मा गांधी और कस्तूरबा गांधी की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने एक स्वच्छता अभियान भी शुरुआत की। इसके अलावा उन्होंने कोविड-19 टीकाकरण के लिए बने शिविर का दौरा किया और एक वृक्षारोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

# मधुमक्खी पालन ग्रामीण समुदायों की आजीविका में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है– श्री मनोज कुमार, अध्यक्ष, केवीआईसी



**8 अक्टूबर 2023 को, केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने गुजरात की बनास डेयरी का दौरा किया, जो एशिया की सबसे बड़ी डेयरी है, और मधुमक्खी पालन में तेजी ला रही है।**

केवीआईसी के अध्यक्ष ने बनास क्षेत्र के स्थानीय मधुमक्खी पालकों/किसानों से बातचीत की और प्रशिक्षित मधुमक्खी पालकों को मधुमक्खी के 200 बक्सों का वितरण किया।



खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने इस अवसर पर कहा कि भारत में कई पीढ़ियों से मधुमक्खी पालन किया जाता रहा है। मधुमक्खी पालन ग्रामीण समुदायों की आजीविका में आय सृजन, शहद और अन्य मधुमक्खी उत्पादों के औषधीय और खाद्य उपयोग, क्रॉस-परागण के माध्यम से कृषि गतिविधियों के पूरक और वन और कृषि संरक्षण प्रयासों में अत्यधिक योगदान देकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पालनपुर की इसी बनास डेयरी में 10 दिसंबर 2016 को माननीय प्रधानमंत्री जी ने मीठी क्रांति की घोषणा की, खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग को अभियान को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी मिली।

खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग की कई रोजगारोन्मुखी गतिविधियों में हनी मिशन भी एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके तहत खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग न केवल लोगों को शहद उत्पादन के लिए प्रेरित करता है बल्कि आवश्यक उपकरण और प्रशिक्षण भी प्रदान करता है।




## एनएसआईसी ओखला में 20-23 अक्टूबर, 2022 तक आयोजित चार दिवसीय कार्यक्रम

# खादी के लिए उत्कृष्टता केंद्र (सीओईके) नई दिल्ली के - भारत शिल्प सप्ताह के चौथे संस्करण में खादी के लिए डिजाइन दिशा-निर्देशों को प्रदर्शित करेगा

नई दिल्ली, 19 अक्टूबर, 2022: बुनावट, वजन और कपड़े की सामग्री के संबंध में खादी एक विविधतापूर्ण वस्त्र है। प्रधानमंत्री ने युवाओं के लिए फैशन के माध्यम से देश को बदलने में खादी की भूमिका पर जोर दिया है। व्यापक स्तर पर दर्शकों के लिए खादी की विविध विशेषताओं को दिखाने के हमारे प्रयासों के तहत खादी के लिए उत्कृष्टता केंद्र (सीओईके) भारत शिल्प सप्ताह के चौथे संस्करण में खादी के लिए डिजाइन निर्देश का प्रदर्शन कर रहा है। यह नई दिल्ली के एनएसआईसी ओखला में 20-23 अक्टूबर, 2022 तक आयोजित चार दिवसीय कार्यक्रम में स्टॉल डी-1 पर किया जा रहा है।

एमएसएमई मंत्रालय ने खादी के लिए उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की है। यह राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान के सहयोग से खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) की सहायता करने के लिए प्रयोग, नवाचार और डिजाइन का एक केंद्र है। केंद्र, खादी को फैशनेबल और युवाओं के अनुकूल बनाने की दिशा में काम कर रहा है। केंद्र के पास इसके हब के रूप में दिल्ली और बेंगलुरू, गांधीनगर, कोलकाता और शिलांग में शाखा केंद्र हैं।

खादी संवाद- आगे का रास्ता, खादी संस्थानों के लिए डिजाइन दिशा-निर्देश के रूप में चार कहानियों को दिखाएगा। ये चार विषयवस्तु हाथ से काते हुए हस्तनिर्मित कपड़े में मूल्य जोड़ने के लिए रंग पैलेट, प्रिंट, बुनाई संरचनाओं और सतह तकनीकों के संदर्भ में खादी की विविध विशेषताओं को सामने लाएंगी। नील राग प्राकृतिक नीले रंग 'इंडिगो' को दिखाता है, जो विभिन्न भावनाओं के साथ प्रतिध्वनित होता है। अभ्रक विषयवस्तु राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र की हवेलियों के भित्तिचित्रों से प्रेरित है। सृष्टि, जिसका अर्थ ब्रह्मांड है, खादी की सफेद से रंगीन होने की यात्रा को दर्शाता है। कशिश एक खनिज आधारित प्राकृतिक रंग है। इसके चारकोल रंगों की सुंदरता की प्रशंसा हल्दी पीले और मंजिष्ठा लाल के प्राकृतिक रंगों के साथ की जाती है। यह परिकल्पना की गई है कि ये डिजाइन निर्देश युवाओं को आकर्षित करने के लिए प्रचलित और फैशनेबल वस्त्र बनाने में खादी संस्थानों को सक्षम बनाएंगे। इसके अलावा विषयवस्तुगत प्रदर्शन घरेलू और परिधान क्षेत्रों में सीओईके के किए गए कार्यों को भी प्रदर्शित करेगा।





कच्छ जिले के कलात्मक लोगों द्वारा की गई कड़ी मेहनत ख़ास है। केवीआईसी के अध्यक्ष ने कारीगरों के साथ बातचीत की। प्रत्येक हस्तकला प्रेमी को इस स्थान की यात्रा अवश्य करनी चाहिए जो **भारत की वास्तविक कला** की खोज करना चाहते हैं।

**केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने खादी संस्थान - पश्चिम खादी ग्रामोद्योग संघ द्वारा संचालित पश्चिम कच्छ स्कूल के गर्ल्स हॉस्टल का उद्घाटन किया।**







## आयोग के अध्यक्ष ने "सिरमौर" के कारीगरों के साथ बातचीत की और सिरमौर हनी का शुभारंभ किया



**केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने 1 से 15 अक्टूबर, 2022 तक दिल्ली हाट, आईएनए में आयोजित अपनी तरह के पहले राष्ट्रीय स्तर के स्फूर्ति क्लस्टर प्रदर्शनी का दौरा किया। हमारे कारीगरों द्वारा बनाई गई लकड़ी, धातु, जर्मन चांदी, मीनाकारी, लोहे से बनी विभिन्न प्रकार की भारतीय हस्तकला की वस्तुएं आगंतुकों को आकर्षित कर रही हैं।**







# हिंदी पखवाड़ा 2022 के दौरान राजभाषा हिंदी समारोह के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रोत्साहित किया गया।








आयोग के अध्यक्ष, श्री मनोज कुमार की अध्यक्षता में 20 अक्टूबर को आयोग के केंद्रीय कार्यालय, मुंबई में खादी समीक्षा बैठक आयोजित की गई।










दीपावली की पूर्व संध्या पर दिल्ली कार्यालय में आयोजित दिवाली मिलन समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने की। इस कार्यक्रम में कार्यालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। अध्यक्ष महोदय ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी।

# केवीआईसी के अध्यक्ष ने गुजरात के सुरेंद्रनगर में 210 पीएमईजीपी लाभार्थियों को सब्सिडी के रूप में 12.74 करोड़ रुपये वितरित किए



केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने 210 प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) लाभार्थियों को 12.74 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की, वहीं केवीआईसी ने देश भर के 3597 लाभार्थियों को बैंकों के माध्यम से 102.84 करोड़ रुपये की कुल सब्सिडी का वितरण कर लगभग 306 करोड़ रुपये धनराशि संवितरित की है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा 18 अक्टूबर 2022 को आयोजित खादी कारीगर सम्मेलन के दौरान सुरेंद्रनगर, गुजरात में इन 210 पीएमईजीपी लाभार्थियों को 12.74 करोड़ रुपये की सब्सिडी का वितरण कर बैंकों के माध्यम से लगभग 40 करोड़ रुपये धनराशि संवितरित की।

केवीआईसी के अध्यक्ष ने केवीआईसी द्वारा स्थापित 08 नए खादी संस्थाओं को खादी प्रमाण पत्र भी वितरित किए, जो गुजरात में 300 कारीगरों के लिए रोजगार प्रदानकरेंगी, इसके साथ ही उन्होंने, सूती, ऊन, रेशम और पॉली खादी में सर्वश्रेष्ठ कत्तिनों और बुनकरों कोउनकेउत्कृष्टकार्य की सराहना करने के लिए प्रमाण पत्र भी वितरित किये। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि गुजरात में लगभग 300 खादी







संस्थाएं काम कर रहे हैं और लगभग 22,000 खादी कारीगर पंजीकृत हैं, जिनमें से 14,000 से अधिक कारीगर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के हैं, जो 'विपणन विकास सहायता' (एमडीए)योजना, भारत सरकार के तहत प्रोत्साहन का लाभ उठा रहे हैं।

इस अवसर पर बोलते हुए केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने त्योहार के सीजन में खादी को खरीदने और बढ़ावा देने के लिए माननीय प्रधान मंत्री के स्पष्ट आह्वान को दोहराया, कि 'खादी, विकास और आत्मनिर्भर भारत का आदर्श बन सकती है एवं "हर हाथ को ज्यादा पैसा प्रदान कर सकती है।

"उन्होंने माननीय प्रधान मंत्री के भाषण का उल्लेख करते हुए, "भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की प्रतिज्ञा को पूरा करने और आत्मनिर्भर भारत के सपने को प्राप्त करने के लिए खादी का एक धागा प्रेरणा का स्रोत हो सकता है, उन्होंने कहा कि " महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान खादी को देश के स्वाभिमान के एक प्रतीक के रूप में बदल दिया था।"

उन्होंने खादी और पीएमईजीपी योजना के लाभार्थियों की उपस्थिति की भी सराहना की, जिनमें से 211 नए पीएमईजीपी उद्यमी उपस्थित थे।

# सोशल मीडिया



वोकल फॉर लोकल
Khadi India
खादी
फॉर नेशन,
खादी फॉर फैशन
खादी की बिक्री
95,741.74
करोड़ रुपए
1,15,415.22
करोड़ रुपए
2020-21
2021-22
खादी संस्थानों की संख्या
2,375
2,933
2016-17
2022-23




Khadi India
आप में से जो भी विदेश में रह रहे हैं,
अपने किसी रिश्तेदार या मित्र के पास जा रहे हों तो
वो भी गिफ्ट के तौर पर खादी का एक प्रोडक्ट साथ ले जाए।
इससे खादी को तो बढ़ावा मिलेगा ही,
साथ ही दूसरे देश के नागरिकों में खादी को लेकर
जागरूकता भी आएगी।
- पी एम नरेंद्र मोदी जी




Khadi India
" The process & spinning yarn in no
less than the warship of God."




Khadi India
खादी
उत्सव
रेंटिया पर सूत कात कर
7,500 बहनों और बेटियों ने मिलकर
रचा इतिहास
- पीएम श्री नरेंद्र मोदी जी

# सोशल मीडिया


Khadi India
आप अलग-अलग तरह के कपड़ों से
बने कपड़े ले सकते हैं।
लेकिन अगर आप इसमें खादी डालेंगे तो
स्थानीय प्रचार के लिए स्वर को गति मिलेगी।
– पी एम नरेंद्र मोदी
For more details follow Khadi India
@kvicindia
Download the
Khadi India App from
kvic.gov.in
khadiindia.gov.in


Khadi India
Shri Narendra Modi has left no stone
unturned to popularize Khadi,
where everyone purchases Khadi products,
specially on the special day of Gandhi Jayanti.


Khadi India
"भारत के खादी उद्योग की बढ़ती ताकत में
महिला शक्ति का प्रमुख योगदान"
For more details follow Khadi India
@kvicindia
Download the
Khadi India App from
kvic.gov.in
khadiindia.gov.in


Khadi India
हमने देखा है त्योहारों पर
Packing और Packaging
के लिए Polythyene Bag का भी
बहुत इस्तेमाल होता रहा है।
स्वच्छता के पर्वों पर Polythene
का नुकसानकारक कचरा, ये भी
हमारे पर्वों की भावना के खिलाफ है।
इसलिए हम स्थानीय स्तर पर
बने हुए Non - Plastic Bag
का ही इस्तेमाल करें।

# सोशल मीडिया


Khadi India
Khadi can become an inspiration to make India developed and self reliant by 2047


Khadi India
भारतीय समाज में
खादी का इस्तेमाल सभ्यता के आरंभ से ही रहा है।
इसने आजादी की लड़ाई में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यही कारण है कि
खादी केवल कोई कपड़ा नहीं, बल्कि एक विचार है।


बीते वर्षों से हमारे त्योहारों के साथ देश का एक नया संकल्प भी जुड़ गया है। आप सब जानते हैं, ये संकल्प है – 'Vocal for Local' का। अब हम त्योहारों की खुशी में अपने local कारीगरों को, शिल्पकारों को और व्यापारियों को भी शामिल करते हैं। आने वाले 2 अक्टूबर को बापू की जयन्ती के मौके पर हमें इस अभियान को और तेज करने का संकल्प लेना है। खादी, handloom, handicraft ये सारे product के साथ-साथ local सामान जरूर खरीदें।
मन की बात


Khadi India
खादी डे सेल
महात्मा गाँधी जी की
153 वीं जयंती के अवसर पर
विशेष छूट
20%
10%
2 अक्टूबर, 2022 से शुभारम्भ

# सोशल मीडिया


Khadi India
khadi is the symbol of
unity of Indian humanity,
of its economic freedom and equality.


Khadi India
आधुनिक प्रगति के साथ,
खादी का कपड़ा फैशन के अनुरूप
विभिन्न स्वरूपों में उपलब्ध है।


हमने देखा है त्योहारों पर packing और packaging के लिए polythene bags का भी बहुत इस्तेमाल होता रहा है। स्वच्छता के पर्वों पर polythene का नुकसानकारक कचरा, ये भी हमारे पर्वों की भावना के खिलाफ है। इसलिए, हम स्थानीय स्तर पर बने हुए non-plastic bags का ही इस्तेमाल करें। हमारे यहाँ जूट के, सूत के, केले के, ऐसे कितने ही पारंपरिक bag का चलन एक बार फिर से बढ़ रहा है। ये हमारी ज़िम्मेदारी है कि हम त्योहारों के अवसर पर इनको बढ़ावा दें, और स्वच्छता के साथ अपने और पर्यावरण के स्वास्थ्य का भी ख्याल रखें।
मन की बात
25 सितंबर, 2022


Khadi India
Khadi Cotton Frock
with Bloomer
Let your infants snuggle into the comfort of natural, eco-friendly Khadi, the national fabric of India.
Khadi India introduces the most natural protection for the tender and sensitive skin of the new-borns with a range of cotton clothing.

# सोशल मीडिया


Khadi India
Khadi Signature
Watches by Titan
Sport the world's smallest iconic Charkha
in your timepiece with Signature Khadi Watches by Titan.


Khadi India
Khadi Cotton Elaksh
Tender Green
Embroidered Cotton
Top Handwoven


Khadi India
Buy proudly
the top quality
products, made
in rural India by
your fellow
countrymen !


Khadi India
Take to spinning to find
peace of mind



मेरा मानना है कि जहां गरीबों के लिए शुद्ध और सक्रिय प्रेम है, वहां भगवान भी हैं।
चरखे पर जो सूत कातता हूँ उसमें मुझे ईश्वर दिखाई देता है।

(यंग इंडिया, 20-5-1926)